Padmavati Mata Ki Aarti

।। पद्मावती माता की आरती ।।

पद्मावती माता दर्शन की बलिहारियाँ ।
चक्रेश्वरी माता दर्शन की बलिहारियाँ ।।

पार्श्वनाथ महाराज बिराजै ,मस्तक ऊपर थारे ।
मैया मस्तक ऊपर थारे,

इन्द्र फणेन्द्र नरेन्द्र सभी माँ, खड़े रहें नित द्वारे ।।

पद्मावती माता दर्शन की बलिहारियाँ २२

जो जीव थारो शरणो लीनों ,सब संकट हर लीनों, ।
मैया सब संकट हर लीनों,

पुत्र पौत्र धन सम्पति देकर ,मंगलमय कर दीनों ।।

पद्मावती माता दर्शन की बलिहारियाँ २२

डाकन शाकिन भूत भवानी , नाम लेत भग जायें ।
मैया नाम लेत भग जायें,

वात, पित्त, कफ रोग मिटे और, तन सुखमय हो जाये ।

पद्मावती माता दर्शन की बलिहारियाँ २२

जब जब भीड पडी भक्तों पर , रक्षा आपने कीनीं ।
मैया रक्षा आपने कीनीं,

बैरी का अभिमान घटा कर , इज्ज़त सबको दीनी ।

पद्मावती माता दर्शन की बलिहारियाँ २२

दीप, धूप और पुष्पहार ले, मैं दर्शन को आयो ।
मैया मैं दर्शन को आयो,

दर्शन कर के मात तुम्हारे, मन वांछित फल पायो ।।

पद्मावती माता दर्शन की बलिहारियाँ ।
चक्रेश्वरी माता दर्शन की बलिहारियाँ ।।

InstaAstro